प्रेषक,

प्रभारी जिला खान अधिकारी/खान निरीक्षक,
भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,
जनपद देहरादून।

सेवा में,

निदेशक
भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय,
उत्तराखण्ड भोपालपानी
देहरादून।

संख्याः 298 /सूचना/भू0खनि0वि0दे0दून /2023-24, दिनांक 13 जुलाई, 2023

विषयः **अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम हेतु गठित जिला अवैध खनन निरोधक दल (District Anti Illegal Mining Force) द्वारा अद्यतन समय की कार्यवाही की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय पत्र संख्या 1573/उ0ख0/भू0खनि0ई0नि0/2023 दिनांक 11 जुलाई 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा सचिव महोदय द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में योजित जनहित याचिका संख्या 17/2023 रमेश लाल रमेश @ कम्बोज बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल उत्तराखण्ड द्वारा पारित आदेश दिनांक 16 मार्च, 2023 के अनुपालन में अवैध खनन प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला अवैध खनन निरोधक दल (District Anti Illegal Mining Force) द्वारा अद्यतन तक कितनी बैठकें आहूत की गयी है तथा कितने स्थलो पर साईन बोर्ड लगाये गये है, की जनपदवार सूचना मय फोटोग्राफ सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है जनपद देहरादून में अद्यतन जिला अवैध खनन निरोधक दल (District Anti Illegal Mining Force) की कोई बैठक भी आहूत नही की गयी है तथा जनपद देहरादून के तहसील डोईवाला के ग्राम माजरी ग्रान्ट क्षेत्रान्तर्गत गढवाल मण्डल विकास निगम के पक्ष में जाखन नदी लॉट संख्या 13/2 कुल रकबा 16.57 है0 में स्वीकृत खनन लॉट में लगाये गये साईन बोर्ड से सम्बन्धित फोटोग्राफ इस पत्र के साथ संलग्न कर सूचना महोदय की सेवा में सादर प्रेषित।

**संलग्नक :- उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,


Mhd. Qazim Raza
(मोहम्मद काजिम रजा)
प्रभारी जिला खान अधिकारी/खान निरीक्षक
देहरादून।


**संख्याः /सूचना/भू0खनि0वि0दे0दून /2023-24, तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :-** जिलाधिकारी महोदया देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।


प्रभारी जिला खान अधिकारी/खान निरीक्षक
देहरादून।


Scanned with CamScanner






Scanned with CamScanner






Scanned with CamScanner